❖ एकता तोड़ने के दोषी- अंगरेजों ने हमारे यहाँ शासन करने के लिए फूट डालो और राज करो की नीति अपनाई। हमारे देश के सीधे साधे लोगों में वैमनस्य, जातिवाद, क्षेत्रवाद एवं सम्प्रदायिकता के बीज बोये। आज स्वार्थी एवं आपराधिक प्रवृत्ति वाले राजनेताओं से भी हमारी राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को गंभीर खतरा है। ये स्वार्थी नेता अपने स्वार्थ साधना के लिए समय समय पर भोले-भाले देशवासियों को क्षेत्रवाद एवं सम्प्रदायिकता की आग में झोकते रहते हैं। यह कार्य कई जगहों पर हमारे पड़ोसी देशों द्वारा भी किया जा रहा है।

❖ एकता दृढ़ करने के उपाय - राष्ट्रीय एकता बनाए रखना हमारा प्रधान लक्ष्य है। हमें राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा, लोगों की खुशहाली एवं विकास के लिए राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना होगा। जातिभेद, लिंगभेद, वर्गभेद एवं साम्प्रदायिकता को जड़ से मिटाना होगा। राष्ट्रीय एकता को दृढ़ करने के लिए समायोजित शिक्षा की व्यवस्था, आर्थिक विषमता एवं क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के साथ-साथ निष्पक्ष स्थितियों का निर्माण परम आवश्यक है।

3. मोबाइल और इंटरनेट

❖ परिचय- आज के आधुनिक युग में मोबाइल और इंटरनेट हमारे जीवन के अभिन्न अंग बन गए हैं। इनके बिना आज के जीवन की कल्पना करना कठिन है। मोबाइल और इंटरनेट ने मनुष्य के काम करने, सीखने और आपस में जुड़ने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है।

❖ मोबाईल और इंटरनेट से होने वाले लाभ -

(i) संपर्क और संचार- मोबाइल और इंटरनेट की मदद से हम पलभर में अपने रिश्तेदारों और मित्रों से बात कर सकते हैं, चाहे वे दुनिया के किसी भी कोने में हों।

(ii) शिक्षा और ज्ञान- विद्यार्थी मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाएँ ले सकते हैं, नोट्स प्राप्त कर सकते हैं और नई जानकारियाँ हासिल कर सकते हैं।

(iii) बैंकिंग और सुविधाएँ- मोबाइल और इंटरनेट से घर बैठे बिल भरना, पैसे भेजना, टिकट बुक करना और ऑनलाइन खरीदारी करना आसान हो गया है।

(iv) रोजगार के अवसर- इंटरनेट ने वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाइन व्यापार और फ्रीलांसिंग जैसे नए रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं।

❖ मोबाईल और इंटरनेट से होनेवाला हानि-

(i) स्वास्थ्य पर प्रभाव- मोबाइल और इंटरनेट के अधिक उपयोग से आँखों की समस्या, तनाव और नींद न आने जैसी बीमारियाँ बढ़ रही हैं।

(ii) समय की बर्बादी- सोशल मीडिया, वीडियो और ऑनलाइन गेम्स में अधिक समय बिताने से पढ़ाई और काम प्रभावित होता है।

(iii) साइबर अपराध- इंटरनेट पर धोखाधड़ी, डेटा चोरी और गलत जानकारी फैलने का खतरा बना रहता है।

❖ उपसंहार - मोबाइल और इंटरनेट दोनों ही मानव जीवन के लिए उपयोगी साधन हैं। यदि इनका उपयोग सही उद्देश्य और सीमित समय में किया जाए, तो ये वरदान हैं; लेकिन गलत और अधिक उपयोग करने पर ये अभिशाप भी बन सकते हैं।

4. छात्र और अनुशासन / छात्र जीवन

❖ भूमिका- किसी भी देश या राष्ट्र का भविष्य वहाँ के छात्रों पर ही निर्भर करता है। यदि वहाँ के छात्र सच्चरित्र, विनीत, कर्त्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासन प्रिय होंगे तो राष्ट्र अवश्य सुखी सम्पन्न और प्रगतिशील होगा।

▪ 'अनुशासन' शब्द दो शब्दों के मेल से बना है' अनु' तथा 'शासन'। इसका तात्पर्य है शासन का अनुशरण करना अर्थात् शासन के नियमों का पालन करना तथा उसके नियंत्रण में रहना। अनुशासित जीवन को ही सभ्य जीवन कहा गया है। सृष्टि के सब कार्य इतने नियमित और निश्चित समय पर होते हैं, जिन्हें देखकर आश्चर्य होता है। सृष्टि का समस्त कार्य एक निश्चित नियंत्रण या 'अनुशासन' के अधीन चलता रहता है।

❖ अनुशासन का महत्त्व - अनुशासन हमारे सभ्य जीवन की आधारशिला है। छात्र-जीवन में अनुशासन का विशेष महत्त्व है। यदि विद्यार्थी को विद्यालय, खेल के मैदान, छात्रावास अपने घर-परिवार तथा सार्वजनिक स्थान पर अनुशासन में रहने का अभ्यास हो जाए, तो वह जीवन भर अनुशासित रहेगा। अनुशासन में रहने वाला विद्यार्थी ही देश का सभ्य और प्रगतिशील नागरिक बन सकता है।

❖ अनुशासनहीनता से हानि- वर्तमान समय में छात्र-जीवन में अनुशासन का अभाव होता जा रहा है। अपनी जबावदेही से अवगत नहीं होने के कारण छात्र अपने को अनुशासनहीन बनाए जा रहे हैं। इसके अभाव में छात्रों में उच्छृंखलता बढ़ती जा रही है, जिससे अराजक स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। अनुशासन के अभाव में छात्र-जीवन अंधकारमय दिखाई देता है।

❖ उपसंहार- अनुशासन जीवन को इतना आदर्श बना देता है कि अनुशासित व्यक्ति दूसरों की अपेक्षा कुछ विशिष्ट दिखाई पड़ता है। उसका उठना-बैठना, बोलना व्यवहार करना आदि प्रत्येक क्रिया में एक विशेष व्यवस्था या नियम की झलक मिलती है। अतः विद्यार्थी जीवन में अनुशासन की नितांत आवश्यकता है।

5. चुनाव प्रक्रिया

❖ भूमिका- भारत में लोकतन्त्र की सफलता के लिए निश्चित अवधि पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न की जाती है। भारत में राष्ट्रीय स्तर पर लोकसभा के लिए, राज्य स्तर पर विधानसभा के लिए एवं स्थानीय स्तर पर नगरपालिका, ग्राम पंचायत इत्यादि के लिए चुनाव प्रक्रिया अपनायी जाती है।

❖ चुनाव की घोषणा- इसके बाद निर्वाचन आयोग चुनाव की घोषणा करता है जिसमें चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामांकन-पत्र देने की अन्तिम तिथि, जाँच-पड़ताल की तिथि, नाम वापस लेने की तिथि तथा मतदान की तिथियों की घोषणा की जाती है। साथ ही सम्बन्धित चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की जाती है।

❖ प्रत्याशियों का नामांकन- चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तिथि तय करने के बाद उम्मीदवार नामांकन पत्र भरते हैं तथा एक निश्चित तिथि के अन्दर अपना नाम वापस भी ले सकते हैं। इस स्थिति में जमानत की राशि वापस हो जाती है।

❖ चुनाव प्रचार - चुनाव प्रचार के लिए चुनाव घोषणा-पत्र के साथ-साथ आम सभाएँ आयोजित कर, विज्ञापन द्वारा, बैनर एवं पोस्टरों द्वारा सभी राजनीतिक दल अपना-अपना चुनाव प्रचार करते हैं।

❖ मतदान- मतदाता निश्चित तिथि पर मतदान केन्द्र पर जाकर अपना गुप्त मतदान करते हैं।

❖ मतगणना का परिणाम- मतदान की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद निर्वाचन पदाधिकारी प्रत्याशियों या उनके प्रतिनिधियों के सामने मतपेटियों की सील बन्द कर एक निर्धारित जगह पर पहुँचायी जाती हैं जहाँ पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रहती है।

❖ चुनाव व्यय का विवरण- चुनाव परिणाम घोषित होने के 45 दिन के भीतर चुनाव प्रक्रिया के अन्तर्गत अपने खर्चा का लेखा-जोखा देना पड़ता है। जिस विजयी प्रत्याशी का खर्च सीमा से अधिक होता है उसे अवैध करार दिया जाता है।

❖ निर्वाचन याचिका - चुनाव में हारे हुए प्रत्याशी अथवा निर्वाचन क्षेत्र से कोई मतदाता यह महसूस करे कि चुनाव में अधिक व्यय हुआ है या भ्रष्ट तरीके से अपनाये गये तरीके से विजयी हुए हैं तो वे न्यायालय में उनके विरुद्ध

अपील करते हैं। यदि अपीलकर्ता सही पाये जाते हैं तो विजयी प्रत्याशी को रद्द कर पराजित प्रत्याशी को विजयी घोषित किया जाता है। इस प्रकार उपरोक्त प्रक्रियाओं द्वारा चुनाव प्रक्रिया पूरी होती है।

6. शिक्षक दिवस

❖ भूमिका - स्वतंत्र भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस 5 सितम्बर पूरे भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक थे जिन्होंने अपने जीवन के लगभग 40 वर्ष अध्यापन पेशे को दिया। वे विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों के योगदान और भूमिका के लिए प्रसिद्ध थे। डॉ० राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर, 1988 तिरूतनी, मद्रास में हुआ था। वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने शिक्षकों के बारे में सोचा और हर वर्ष अपने जन्म दिवस को शिक्षकों के लिए समर्पित किया। इसलिए 5 सितम्बर पूरे भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

❖ शिक्षक दिवस का महत्त्व- अक्षर-अक्षर हमें सिखाते, शब्द शब्द का अर्थ बताते, कभी प्यार से कभी डांट से, जीवन हमें सीखाते | गुरु शिष्य परम्परा भारत की संस्कृति का एक अहम और पवित्र हिस्सा है। जीवन के पहले गुरु माता-पिता होते हैं, लेकिन सही मार्ग पर चलने का रास्ता शिक्षक ही सिखाते हैं और उसके जीवन को उन्नत बनाते हैं। एक शिक्षक छात्र की आत्मा को शुद्ध उसकी चेतना को परिष्कृत कर देता है। वह अपने शिष्यों में अनंत गुण एवं शक्ति भर देता है। एक आदर्श शिक्षक एक शिल्पकार की तरह अपने शिष्यों के जीवन को तराश देता है। वह अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। इस प्रकार गुरु का हमारे जीवन में बहुत ही बड़ा महत्त्व है जो कि सर्वविदित है।

❖ उपसंहार- जीवन भर अध्यापन के अपने निस्वार्थ सेवा के लिए हमें अपने शिक्षकों को सम्मान देने और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म-हिवस को याद करने के लिए इसे हर साल शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं। इस पुण्य अवसर पर पूरे देश के विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दिन भर उत्सव, धन्यवाद और स्मरण की गति विधियाँ चलती रहती है। हम सभी लोग अपने गुरु का स्मरण कर उनके श्रीचरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु, गुरुदेवो महेश्वरः
गुरु साक्षात् परब्रहा तस्मै श्रीगुरवे नमः।

7. गणतंत्र दिवस

❖ भूमिका- गणतंत्र दिवस हम सबके भारतीय होने पर गौरवान्वित होने का दिन तो है ही देश के नागरिकों के लिए समानता व भाईचारे के प्रति आस्था के संकल्प को दोहराने का पुनीत अवसर भी है। हमारे गणतंत्र की यात्रा 1950 में 26 जनवरी के दिन शुरु हुई थी। इसी दिन हमने संविधान द्वारा तय सिद्धांतों के पालन व अनुसरण का संकल्प लिया था। गणतंत्र दिवस के दिन स्वतंत्रता संग्राम की स्मृति ताजा हो जाती है। हमें यह याद हो आता है कि किस तरह आजादी के दिवाने देशभक्तों के जीवन भर के संघर्षों के परिणामस्वरूप 15 अगस्त, 1947 को हमारा देश आजाद हुआ और 26 जनवरी, 1950 को इस देश का उदय एक धर्मनिरपेक्ष, लोक कल्याणकारी सार्वभौमिक गणतंत्र के रुप में हुआ।

❖ गणतंत्र दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि- 26 जनवरी, 1950 के दिन भारत को एक गणतांत्रिक राष्ट्र घोषित किया गया था। इसी दिन स्वतंत्र भारत का नया संविधान अपनाकर नए युग का सूत्रपात किया गया था। यह भारतीय जनता के लिए स्वाभिमान का दिन था। भारतीय संविधान के अनुसार डॉ० राजेन्द्र प्रसाद स्वतंत्र भारत के राष्ट्रपति बने। जनता ने देश भर में खुशियाँ मनाई। तब से 26 जनवरी को हर वर्ष गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन देश भर में विशेष कार्यक्रम होते हैं। विद्यालयों सभी सरकारी संस्थाओं में भारतीय तिरंगा फहाराया जाता है।

❖ गणतंत्र दिवस का महत्त्व - गणतंत्र दिवस का बहुत महत्त्व है क्योंकि ये हमें भारतीय स्वतंत्रता से जुड़े हर एक संघर्ष के बारे में बताता है। संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य होने के महत्त्व को सम्मान देने के लिए उसको मनाया जाता है। गणतंत्र दिवस का यह पर्व हमारे अंदर आत्म गौरव भरने का कार्य करता है तथा हमें पूर्ण स्वतंत्रता की अनुभूति कराता है।

❖ उपसंहार- गणतंत्र दिवस हमारे देश के तीन राष्ट्रीय पर्वों में से एक है। हमारे देश का संविधान तथा उसका गणतांत्रिक स्वरूप ही हमारे देश को कश्मीर से कन्याकुमारी तक जोड़ने का कार्य करता है। यह वह दिन

है जब हमारा देश विश्व मानचित्र पर एक गणतांत्रिक देश के रूप में स्थापित हुआ।

8. स्वच्छ भारत अभियान

❖ परिचय- भारतीय संस्कृति का आधार वे मूल्य हैं जिनसे हमारा जीवन, परिवार और समाज सीधे-सीधे जुड़े हैं। इन मूल्यों में पवित्रता और स्वच्छता भी है। जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहाँ स्वच्छता की आवश्यकता न हो। यहाँ तक कि स्वच्छता से ही व्यक्ति, परिवार और समाज की पहचान की जाती है। उसकी समृद्धि, प्रगति और विकास का रास्ता भी स्वच्छता से ही होकर गुजरता है। स्वच्छता अभियान एक राजनीति मुक्त अभियान है जो देशभक्ति से प्रेरित है। यह एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है और भारत सरकार द्वारा चलाया गया है।

❖ स्वच्छ भारत अभियान का महत्व - राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने भारत को एक स्वच्छ भारत बनाने का सपना देखा था। राष्ट्रपिता के सपने को साकार करने के लिए भारत सरकार ने इस अभियान को उनके 145 वें जन्मदिन 2 अक्टूबर, 2014 को शुरू किया है। यह अभियान पूरे भारत में सफाई के उद्देश्य को पूरा करने के लिए शुरू किया गया है। माननीय प्रधानमंत्री का लोगों से अपील है कि वो स्वच्छता अभियान से जुड़ें और अन्य लोगों को भी इससे जुड़ने को प्रेरित करें, ताकि हमारा देश दुनिया का सबसे अच्छा और स्वच्छ देश बन सके। स्वच्छ भारत अभियान भारत की सबसे बड़ी सफाई अभियान है। इसके तहत हमें खुद को, घर, अपने आसपास, समाज, समुदाय, शहर, उद्यान और पर्यावरण इत्यादि को रोज स्वच्छ रखने की जरूरत है। हम सभी को स्वच्छता का ध्येय, महत्त्व तथा जरूरत को समझना चाहिए और इसे दैनिक जीवन में लागू करना चाहिए।

❖ उपसंहार- स्वच्छता अभियान शुरू करने के पीछे मूल लक्ष्य देश भर में शौचालय की सुविधा देना, साथ ही दैनिक दिनचर्या में लोगों के सभी अस्वस्थ आदतों को समाप्त करना है। स्वच्छता अभियान मिशन को सहभागिता के द्वारा आगे बढ़ाना भारत की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस मिशन की सफलता परोक्ष रूप से निवेशकों का ध्यान आकृष्ट करना, विकास दर बढ़ाना, पर्यटकों का ध्यान खींचना, स्वास्थ्य लागत कम करना, मृत्यु दर कम करना और भी कई चीजों में सहायक होगी। ऐसे में देश के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी स्वच्छ रहने और दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करना देशभक्ति का ही कार्य है।

9. हमारे प्रिय खेल

❖ भूमिका- खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है। खेल का नाम आते ही मन उत्साह एवं उल्लास से भर उठता है। खेलना-कूदना सभी को अच्छा लगता है। विशेषतः बच्चों द्वारा अपनी रुचि, आयु, पसंद आदि के आधार पर खेलों को पसंद किया जाता है और खेला जाता है। वर्तमान दौर में क्रिकेट सर्वाधिक लोकप्रिय खेल है। मेरा भी प्रिय खेल क्रिकेट है। आधुनिक युग में इस खेल को अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व प्राप्त है।

❖ खेल का नियम एवं खिलाड़ियों की संख्या- क्रिकेट के खेल में 11 खिलाड़ियों के साथ दो टीमें होती है। इसके साथ खेल के निर्णायक के रूप में दो अंपायर भी होते हैं जो पूरी खेल पर नजर रखते हैं और उसी के अनुसार अपना फैसला सुनाते हैं। खेल के नियमानुसार प्रत्येक टीम का एक-एक कप्तान होता है जिसके नेतृत्व में उसकी टीम खेलती है। टॉस के बाद एक टीम पहले गेंदबाजी करती है और दूसरी टीम बल्लेबाजी करती है। एक पारी खत्म होने के बाद गेंदबाजी करने वाली टीम बल्लेबाजी वाली टीम द्वारा बनाये गये रनों का पीछा करती है।

❖ भारत के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी- भारत के अनेक क्रिकेट खिलाड़ियों ने अपने खेल के कौशल से संसार भर में नाम कमाया। भारत के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ियों में सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, कपिलदेव, रवि शास्त्री, सौरभगांगुली, राहुल द्रविड़, महेन्द्र सिंह धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा इत्यादि प्रमुख हैं। सचिन तेंदुलकर को क्रिकेट का भगवान माना जाता है। वे क्रिकेट के इतिहास में विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है। इन्होंने टेस्ट और एकदिवसीय मैचों में सर्वाधिक शतक लगाये हैं और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विश्व के एकमात्र खिलाड़ी है।

❖ लोकप्रियता का कारण- क्रिकेट एक एकलौता खेल है जिसके सबसे ज्यादा प्रशंसक है। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बूढ़ों तक उस खेल के दिवाने हैं। जब भो बड़ा क्रिकेट मैच होता है तो बड़ी-बड़ी टीवी स्क्रीन पर हजारों लोगों द्वारा मैच देखा जाता है। क्रिकेट मैचों का प्रसारण इसके लोकप्रियता बढ़ाने का प्रमुख कारण है। वर्तमान समय में क्रिकेट के बहुत सारे कोचिंग सेंटर्स है, जिस कारण छोटे-छोटे शहर और गाँवों से अच्छे खिलाड़ी आगे आ रहे हैं, यह एक अच्छा संकेत है और क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ने

के पीछे ऐसे कारणों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

❖ उपसंहार- खेल-कूद आज विभिन्न राष्ट्रों के मध्य सांस्कृतिक मेल-जोल बढ़ाने का एक उत्तम माध्यम बन गया है। खेल से स्वास्थ्य और उत्साह तो बढ़ता हो है. साथ ही स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना का भी विकास होता है। क्रिकेट के खेल के साथ-साथ आपसी एकता तथा भाईचारा का विकास भी होता है। विश्व कप क्रिकट टूर्नामेंट के समय समूचा विश्व के एकजुटता का प्रदर्शन होता है।

10. प्रिय लेखक / कवि

❖ भूमिका- हिन्दी साहित्य के इतिहास में ऐसे अनेकानेक लेखक उत्पन्न हुए जो अपनी महान रचनाओं के कारण अमर हो गए। उनमें एक नाम प्रेमचंद भी है। उनकी कहानियाँ और उपन्यास बहुत ही सरल स्वाभाविक और मर्मस्पर्शी है।

❖ प्रेमचंद का जीवन- प्रेमचंद के पिता अजायब लाल डाकखाने में मुंशी के पद पर कार्यरत थे। प्रेमचंद जब 7 वर्ष के थे तब उनकी माता का निधन हो गया। विमाता की अवहेलना और आर्थिक कठिनाइयों के कारण उनका बचपन अत्यंत कठिनाइयों में बीता। 15 वर्ष की आयु में उनका विवाह कर दिया गया। गृहस्थी एवं पढ़ाई का खर्च चलाने के लिए ट्यूशन पढ़ाने लगे। संघर्ष करते हुए वे बी०ए० तक शिक्षा पूरी कर अध्यापक के रूप में नौकरी की। 1920 में गाँधी जी से प्रभावित होकर सरकारी सेवा छोड़ दी और साहित्य सेवा में रम गये।

❖ प्रेमचंद की रचनाएँ एवं महत्त्व - मुंशी प्रेमचंद जी ने अपने साहित्यिक जीवन में लगभग तीन सौ कहानियाँ और दर्जन भर उपन्यास लिखे। उनकी लिखी हुई 'पूस की रात', 'नमक का दारोगा', 'कफन', 'शतरंज के खिलाड़ी', 'बड़े घर की बेटी', 'ईदगाह' आदि कहानियाँ मन को अभिभूत कर लेती हैं।

❖ प्रेमचंद की देन - कहानियों के अतिरिक्त उन्होंने चौदह उपन्यास लिखे जिनमें 'गोदान' की सर्वश्रेष्ठ कृति है। इसके अतिरिक्त रंगभूमि, सेवासदन, गबन, प्रेमाश्रय, निर्मला, कायाकल्प, प्रतिज्ञा आदि उनके प्रचलित उपन्यास हैं।

❖ उपसंहार- प्रेमचंद जी की अधिकतर रचनाएँ समाज से जुड़ी हुई हैं। भारतीय जनता रूदिग्रस्त थी। इस वातावरण का प्रभाव प्रेमचंद पर व उनकी रचनाओं पर स्पष्ट दिखाई देता है। उनकी कहानियों और उपन्यासों में अनेक पात्र गाँव के रहने वाले थे। उन्होंने गरीबी को अधिक निकट से देखा था। इसी गाँव के जीवन को उन्होंने अपनी रचनाओं में साकार रूप दिया।

11. वसंत ऋतु

❖ भूमिका- जाड़े की समाप्ति के बाद वसंत ऋतु का आगमन होता है। वसंत को ऋतुओं का राजा कहा जाता है। यह मौसम सभी को पसंद आता है। इस महीने में आकाश में कुहरा कम हो जाता है। सरसों, जौ, आलू, गेहूँ, चना, मटर और तीसी की फसलें तैयार हो जाती हैं। वसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजा होती है। हम होली और रामनवमी की प्रतिक्षा करने लगते हैं। भौरे गुंजायमान होने लगते हैं। कोयल और पपीहा बोलने लगते हैं।

❖ वसंत ऋतु का महत्त्व - वसंत ऋतु के आते ही जाड़े की निर्दयता से सभी को मुक्ति मिल जाती हैं। गर्मी के आगमन से सभी प्रसन्न हो उठते हैं। यह मिला- जुला मौसम सभी के स्वास्थ्य के अनुकूल पड़ता है। तापक्रम का बढ़ना ठंढ की समाप्ति की सूचना देता है। सभी स्वस्थ हो उठते हैं। प्रेमिकाएँ भी प्रफुल्ल हो उठती हैं। कम भोजन से ही शरीर प्रसन्न रहता है। लोगों के हृदय की काम-भावना जाग्रत हो जाती है। नसों की सिकुड़न समाप्त हो जाती है। रक्त का दौरा संतोषजनक हो जाता है।

❖ ऋतुओं का राजा- वसंत ऋतु का एक अपना नशा होता है। सभी जाड़े के आक्रमण से मुक्ति पाने लगते हैं। चैत्र और वैशाख का आगमन होने लगता है। फूल खिल जाते हैं। आम में मंजरियाँ लग जाती हैं। ऋतुराज वसंत उत्साह और आशा से भरा मास होने के कारण सर्वश्रेष्ठ ऋतु है। ताजगी और स्फूर्ति का ऊर्जा ग्रह हो जाता है। जनजीवन तरोताजा और प्रफुल्लित हो उठता है। यह ऋतुओं में श्रेष्ठ है।

❖ निष्कर्ष- निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि वसंत ऋतु सभी ऋतुओं का राजा है। यह स्वास्थ्यवर्द्धक है। यह प्रसन्नता कारक है। यह कामोद्दीपक है

12. नशामुक्ति

❖ भूमिका- नशा उर्दू का प्रचलित शब्द है, जिसका हिन्दी पर्याय है 'मद'। किसी भी नशीले पदार्थ का उपयोग व्यक्ति की चेतना शक्ति को दबोच कर उसको अर्द्धचेतनावस्था में फेंक देता है, नशा कहलाता है। लोग कहते हैं नशा एक आनन्ददायक व्यसन है। पर समाज यह मानता है, नशा से व्यक्ति का स्वास्थ्य और परिवार दोनों ही बिगड़ जाते हैं। सत्य क्या है? यह तो नशेडी ही बता पायेंगे,

❖ नशा के प्रकार- नशा के कई प्रकार हैं- चाय, कॉफी, कोको भी इसी श्रेणी में आते हैं। धूम्रपान, मदिरापान, कोकीन, ब्राउन शुगर, गुटका, तम्बाकू खाना, चरस सेवन, अफीम सेवन, गाँजा, भाँग तो हमारे यहाँ के प्रचलित नशे हैं।

❖ परिवार पर प्रभाव - नशीली वस्तुओं का सीधा प्रभाव परिवार की सुख-शान्ति पर पड़ता है। आय का अधिकांश भाग नशे में खप जाता है। आपसी सम्बन्ध तनावपूर्ण रहते हैं। अधिकांश परिवारों में तो नशेड़ी घर में पत्नी पर नित्य ही अत्याचार करते हैं और सुबह उसके घावों पर हल्दी लगाते हैं। बच्चों की शिक्षा चौपट हो जाती है, उनका जीवन नरक तुल्य हो जाता है।

❖ स्वास्थ्य पर प्रभाव- स्वास्थ्य आनन्दमयी, सुखी जीवन की आधारशिला है। नशा का पहला प्रभाव स्वास्थ्य पर ही होता है। आँतें, गुर्दे, जिगर सब बिगड़ जाते हैं। यह सर्वमान्य सत्य है कि नशीले पदार्थ शरीर को खोखला कर देते हैं। नाना प्रकार की व्याधियों को जन्म देते हैं। जीवन दूभर हो जाता है। असमय में मृत्यु भी हो जाती है। सारा परिवार अनाथ हो जाता है।

❖ समाज पर प्रभाव - यह एक सुनिश्चित गणना है कि व्यक्ति से परिवार, परिवार से समाज और समाज से राष्ट्र का स्वरूप बनता है। यदि समाज का एक व्यक्ति भी नशे का शिकार है, तो उसका प्रभाव प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समाज पर अवश्य पड़ता है।

❖ उपसंहार - मादक पदार्थ सेवन एक सामाजिक कलंक है और समूचे राष्ट्र के लिये यह एक चिन्ता का विषय है। यह व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्रहित घातक भी है। अतः इस प्रवृत्ति को रोकना हमारा राष्ट्रीय कर्त्तव्य है।

13. महँगाई की समस्या

❖ भूमिका - पिछले दो दशकों से महँगाई द्रौपदी के चीर की तरह निरंतर बढ़ती जा रही है। विभिन्न वस्तुओं के मूल्य में अप्रत्याशित वृद्धि को देखकर आश्चर्य होता है। निरंतर बढ़ती हुई महँगाई भारत जैसे विकासशील देश के लिए निश्चित ही भयानक अभिशाप कहा जा सकता है।

❖ कारण - बढ़ती हुई महंगाई का सर्वाधिक मुख्य कारण बढ़ती हुई जग संख्या है। पिछले 50 वर्षों में हमारे देश की जनसंख्या लगभग तीन गुनी हो गई है। जनसंख्या की वृद्धि के अनुपात से विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन में वृद्धि नहीं हुई। जैसे-जैसे जनसंख्या बढ़ती है, वैसे-वैसे विभिन्न वस्तुओं की माँग में वृद्धि होती है। माँग के अनुपात में यदि वस्तुओं की पूर्ति में वृद्धि नहीं होती तो महँगाई का बड़ना स्वाभाविक ही है।

❖ महंगाई कम करने का उपाय - महंगाई का निवारण या निमत्रण पाने के लिए सरकार को कठोर कदम उठाना चाहिए तथा जनता को भी सादगीपूर्ण जीवन शैली में निष्ठा रखनी चाहिए। इसके अतिरिक्त आवश्यक पदार्थों के उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि होनी चाहिए। चुनाव वगैरह के नाम पर पैसों का अपव्यय न हो, यह ध्यान देना आवश्यक होगा। निम्न वर्ग तथा मध्यवर्ग के लोगों के साथ उज्ववर्ग के लोग भी महँगाई से त्रस्त हो उठे हैं। महँगाई का सबसे अधिक प्रभाव निम्न मध्य वर्ग पर हुआ है। इस वर्ग के लोग अपना सामाजिक स्तर भी बनाए रखना चाहते हैं तथा स्वयं को चक्रव्यूह में भी फैसा हुआ अनुभव करते हैं।

❖ उपसंहार- देश के नेता बार-बार आश्वासन देते हैं कि महंगाई को रोकने के लिए कारगर उपाय किये जा रहे हैं. परंतु नेताओं के आश्वासन पूर्णतः असफल सिद्ध हो रहे हैं। भारत एक निर्धन देश है। इस देश में मूल्यों का इस प्रकार बदना निश्चय ही बहुत भयानक है। मूल्य वृद्धि के कारण जनता की क्रयशक्ति बहुत ही कम हो गई है।

14. प्रदूषण / प्रदूषण की समस्या

❖ भूमिका - प्रदूषण आधुनिक सभ्यता के विकास का प्रतिफल है। इस कारण हवा धुलकण से भर जाती है, पानी गंदा हो जाता है और ध्वनि का अतिरेक सुनाई पड़ने लगता है। मिट्टी भी उपजाऊ नहीं रह जाती। चारों ओर जैसे हम विपत्तियों से घिरने लगते हैं। वायुमंडल ही गर्म हो उठता है।

❖ प्रदूषण के कारण- प्रदूषण बढ़ने के अनेक कारण हैं। पहला कारण बढ़ता शहरीकरण है। शहर जैसे जैसे बढ़ते हैं प्रदूषण भी वैसे-वैसे बढ़ता ही जाता है। औद्योगिकीकरण पर बढ़ता दबाव भी प्रदूषण बढ़ने का दूसरा बड़ा कारण है। हमारी बढ़ती जनसंख्या प्रदूषण बढ़ने का तीसस कारण है। जनसंख्या जैसे-जैसे बढ़ती है वैसे-वैसे गंदगी और प्रदूषण बढ़ता जाता है। पेड़-पौधे प्रदूषित हवा को शुद्ध करते हैं। अब पेड़-पौधे बेतहाशा काटे जा रहे हैं। जंगल कट रहे हैं। यह प्रदूषण बढ़ने का चौथा कारण है। कल-कारखानों के बढ़ने के कारण उनका कचरा नदियों में बह रहा है।

❖ प्रदूषण के प्रकार- प्रदूषण वायु, ध्वनि, जल एवं मिट्टी की दिशाओं में फैलता हैं। अतः इसे वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, जल प्रदूषण एवं मिट्टी प्रदूषण कहते हैं। इन सभी दिशाओं में हमें प्रदूषण से बचनः होगा।

❖ हानि- प्रदूषण से जन जीवन को हानि पहुँचती है। प्रदूषित वायु के कारण स्वास लेना मुश्किल हो जाता है। फेफड़े रोग-ग्रस्त हो उठते हैं। रक्त दूषित होने लगता है। ध्वनि प्रदूषण के कारण कान बहरे हो जाते हैं। गाड़ी की चिल्ला-पो ने शहरों में पैदल चलना दूभर कर दिया है। मोबाइल के प्रदूषण ने कान को बहरा कर हमारे मस्तिष्क की एकाग्रता शक्ति छीन ली है।

❖ उपसंहार - समासतः हम कह सकते हैं कि प्रदूषण आधुनिक शहरी जीवन के लिए अभिशाप है। यह विश्व में तीव्र गति से बढ़ रहा है। इस धरती का कल्याण बहुत दूर होता जा रहा है।

15. विज्ञान वरदान या अभिशाप

❖ भूमिका- आज का युग विज्ञान का युग है। हमारे जीवन का कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं है, पूरी दुनिया में विज्ञान का पताका लहरा रही है। जीवन तथा विज्ञान एक-दूसरे के पर्याग बन गए हैं। विज्ञान से मानव को असीमित शक्ति प्रदान हुई है।

❖ उपयोगी पक्ष- आधुनिक मानव का सम्पूर्ण जीवन विज्ञान के वरदानों के आलोक से आलोकित हैं। विज्ञान ने हमें रेल, वायुयान, टेलीविजन, मोबाइल, रेडियो, एयर कंडीशनर आदि देकर जहाँ मनुष्य को सुविधाएँ दी है, वही यह प्रमाणित किया है कि आज की दूनिया इसकी मुट्ठी में है। विज्ञान ने शिक्षा मनोरंजन, स्वास्थ्य, व्यापार, मानव कल्याण, संचार आदि क्षेत्रों में हमारी दूनिया ही बदल दी है।

❖ विनाश पक्ष- विज्ञान जितना कल्याणकारी है उतना ही विनाशकारी भी है, विज्ञान के मानव की इच्छाओं को असीमित कर भौतिकवादी बना दिया है। सुविधा प्रदान करने वाले उपकरणों ने मनुष्य को आलसी बना दिया है जिससे शारीरिक शक्ति का हास हो रहा है और नये-नये रोग भी उत्पन्न हो रहे हैं। मंत्रों के अत्यधिक उपयोग ने देश में बेरोजगारी बढ़ा दी है। विज्ञान अद्भुत संहारक एवं विनाशकारी अस्त्र-शस्त्रों का जन्मदाता भी है। इससे मानव जाति का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाता है।

❖ उपसंहार- विज्ञान मानवता के लिए सुन्दर उपहार हैं। विज्ञान का सदुपयोग और दुरुपयोग मनुष्य के हाथ में है। यह बात मनुष्य पर निर्भर करता है कि यह उसका प्रयोग वरदान के रूप में करता है या फिर अभिशाप के रूप में। विज्ञान एक तलवार की तरह होता है जिससे मनुष्य की रक्षा भी की जा सकती है और अपने आप को हानि भी पहुँचाई जा सकती है। अर्थात् विज्ञान का सदुपयोग और दुरुपयोग मनुष्य के हाथ में है।

16. पुस्तकालय

❖ भूमिका- संसार की उन्नति का कारण और परिणाम दोनों पुस्तकें ही है। पुस्तकों के कारण संसार के एक कोने से दूसरे कोने तक जानकारी, ज्ञान और अनुभव का विस्तार हुआ। परिणामस्वरूप आज अत्यंत दुर्लभ विषयों पर हर भाषा में किताबें उपलब्ध है। पुस्तकें असंख्य होना संसार की उन्नति को दर्शाता है। पुस्तकालय का अर्थ होता है- पुस्तकों का घर। यहाँ पर ज्ञान-विज्ञान, साहित्य, राजनीति विज्ञान आदि विषयों की अलग-अलग भाषाओं में पुस्तकों का संग्रह होता हैं |

❖ पुस्तकालय का महत्त्व- मानव जीवन में प्राचीन काल से रही है। यहाँ संसार के सर्वोत्तम ज्ञान और विचारों का संगम होता है। किसी प्राचीन विषय का अध्ययन करना हो या वर्तमान विषय का, विज्ञान और तकनीकी का अध्ययन करना हो या किसी कला या साहित्य का, कविताओं की कोई अच्छी पुस्तक चाहिए या किसी महापुरुष की जीवनी सब कुछ एक स्थान पर यानी पुस्तकालय में हमें मिल जाता है। पुस्तकालय हमारे विद्यार्थी जीवन में बहुत ही महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं |

❖ लाभ- पुस्तकालय से अनेक लाभ हैं। सभी प्रकाशित पुस्तकें खरीदना सबके बस की बात नहीं। गरीब हो या अमीर जो भी शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं उनके लिए पुस्तकालय एक सच्चा मित्र के समान होती है।

❖ उपसंहार- प्राचीनकाल से ही भारतीय जनता को पुस्तकों में रुचि के साथ-साथ हस्तलिखित ग्रंथों को संग्रह करने की परम्परा रही है। नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला आदि प्राचीन विश्वविद्यालयों में बड़े-बड़े पुस्तकालय के प्रमाण है। वर्तमान समय भारत में कई वृहद सार्वजनिक व विश्वविद्यालयी पुस्तकालय है जिनमें हर विषय की हर प्रकार की पुस्तक उपलब्ध है।

17. होली

❖ भूमिका- होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है जो एक साथ मौज-मस्ती, रवानी-जबानी, रंगीली, अलमस्ती की याद दिलाती है। रंग और उल्लास का पर्व होली मनाने की तैयारी वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती है। भारतवर्ष के कोने-कोने में यह उत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को शाम मुहूर्त के अनुसार होलिका कुंड का पूजन कर होलिका दहन किया जाता है।

❖ लाभ- होली का यह पर्व पाप पर पुण्य तथा दानवता पर देवत्व के विजय का प्रतीक है। हर्षोल्लास का यह पर्व होली प्रीति का पेय है। यह पर्व हमें वैमनस्य, ईर्ष्या, द्वेष को भूलने तथा परस्पर प्रेम, स्नेह एवं एकता की भावना के साथ रहने का संदेश देता है। सभी लोग इस दिन अपने सारे गिले, शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर गले लगाते हैं। होली के रंग हम सभी को जोड़ता है और रिश्तों में प्रेम और अपनत्व के रंग भरता है।

❖ हानि- कुछ अबोध जन इस दिन दूसरों पर सड़ा कीचड़ उछालते हैं, पत्थर फेंकते हैं, मद्यपान कर शर्मनाक गाने और गाली-गलौज करते हैं। कुछ लोग इस अवसर पर पुरानी अदावत का बदला लेना चाहते हैं.

❖ उपसंहार - होली एक सामाजिक पर्व है। होली भारत की सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है और यह हमें प्रेम, स्नेह, भ्रातृत्व तथा एकता का पाठ पढ़ाता है।

आवेदन पत्र / पत्र लेखन

(1) अपने प्रधानाचार्य के पास आवेदन पत्र लिखिए जिसमें खेल का सामान उपलब्ध कराने की प्रार्थना करें। (2015, 2016, 2020, 2024, BM 2026)

उत्तर- सेवा में,

श्रीनान् प्रधानाचार्य महोदय
तिरहुत अकाडमी, समस्तीपुर

विषय- खेल सामग्री उपलब्ध कराने हेतु।

महोदय,

इस विद्यालय में पाँच हजार विद्यार्थी पढ़ते हैं। इस विद्यालय में एक बड़ा खेल का मैदान भी है। लेकिन खेल-उपकरण एवं खेल-सामग्री उपलब्ध नहीं है।

अत: आपसे निवेदन है कि क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल शतरंज, लूडो. कैरमबोर्ड इत्यादि आम खेलकूद के सामान शीघ्र उपलब्ध करा दिए जाएँ। उत्तम स्वास्थ्य के लिए खेल अनिवार्य है। उत्तम पढ़ाई के लिए भी खेल अनिवार्य है। राष्ट्र के लिए तेजस्वी खिलाड़ी पैदा हों-इसलिए भी खेलकूद अनिवार्य है। आशा है आप हम छात्रों के निवेदन को मानने की कृपा करेंगे।

दिनांक
20-01-2026

भवदीय
छत्र ज्ञ एवं
छात्रगण

(2) मासिक शुल्क माफ करने के लिए प्रधानाचार्य के पास आवेदन-पत्र लिखें। (2016, 2020, 2021, 2024)

उत्तर- सेवा में,

श्रीमान् प्रधानाचार्य महोदय
समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर

द्वारा - वर्ग शिक्षक महोदय

विषय- मासिक शुल्क माफ करने हेतु।

महोदय,

मैं 12 वीं कक्षा का विज्ञान का छात्र हूँ। मैं हर कक्षा में प्रथम श्रेणी में पास करता रहा हूँ। छ: भाई और चार बहनों का परिवार है। खर्च अधिक है। फसल बर्बाद होने के कारण आमदनी कम हो गई है। खर्च बढ़ गया है। पैसे खत्म हो गए हैं। मेरे अभिभावक मासिक शुल्क जमा करने में अपने को असमर्थ पा रहे हैं।

अत: आपसे निवेदन है कि मासिक शुल्क 5000/- माफ करने की कृपा की जाए।

इस सारस्वत सहयोग के लिए मैं सदा आभारी रहूँगा।

आपका आज्ञाकारी छात्र
संजय कुमार
कक्षा - 12

(3) नया खाता खुलवाने हेतु बैंक प्रबन्ध के पास एक आवेदन पत्र लिखें। [2021, 2023]

सेवा में,
शाखा प्रबन्धक
पंजाब नेशनल बैंक,
काशीपुर, समस्तीपुर

विषय : नया खाता खुलवाने के संबंध में

महाशय,

सविनय निवेदन है कि मैं काशीपुर, समस्तीपुर का स्थायी निवासी हूँ। मुझे आपके शाखा में नया खाता खुलवाने की इच्छा है। इसके लिए आवश्यक सभी कागजात मेरे पास है।

अतः श्रीमान् से आग्रह है कि मेरा खाता अपने बैंक में खोलने की कृपा क रें। इसके लिए मैं सदा आपका आभारी रहूँगा।

दिनांक : 05-02-2026

आपका विश्वासी
अमित कुमार
काशीपुर, समस्तीपुर

(4) महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को पुस्तकालय में हिन्दी की पत्रिकाएँ उपलब्ध कराने हेतु पत्र लिखें। [2018, 2024]

सेवा में,
श्रीमान् प्रधानाचार्य महोदय

विषय- पुस्तकालय में हिन्दी पत्रिकाएँ उपलब्ध कराने हेतु ।

महोदय,

मैं अमित कुमार आपके महाविद्यालय के सत्र 2024-2026 के इंटर का छात्र हूँ।

पुस्तकालय में हिन्दी की पत्रिकाएँ उपलब्ध न होने के कारण हम सब सहपाठियों को पठन-पाठन करने में दिक्कतें हो रही है।

अतः श्रीमान् से आग्रह है कि पुस्तकालय में हिन्दी पत्रिकाएँ उपलब्ध कराने की कृपा करें।

धन्यवाद सहित !
दिनांक : 06-02-2026

आपका आज्ञाकारी
छात्र
हम सब सहपाठी

5. अपने पिता के पास पत्र लिखते हुए अपने छात्रावास के जीवन के बारे में बताएँ |

पटना कॉलेजिस्ट स्कूल, पटना
02.01.2026

आदरणीय पिता जी,

सादर चरण स्पर्श।

आपका पत्र मिला। समाचारों से अवगत हुआ। आपने मेरे छात्रावास जीवन के बारे में पूछा है। वही वर्णन मैं कर रहा हूँ।

छात्रावास में मेरे साथ कमरे में चार और छात्र रहते हैं। सभी मेधावी छात्र हैं। वे सभी मुझे पढ़ने-लिखने की प्रेरणा देते रहते हैं। हम सभी सबेरे पाँच बजे उठ जाते हैं। नित्यकर्म से निवृत होकर, स्नानकर हम लोग छः से सात बजे तक पढ़ते हैं। पुनः जलपान करते हैं। पुनः दस बजें तक पढ़ते हैं। पुनः विद्यालय चले जाते हैं। वहाँ चार बजे तक पढ़ाई होती है।

शाम को पाँच बजे तक जलपान कर हमलोग मैदान में फुटबाल खेलने जाते हैं। छः बजे पुनः आकर अपनी पढ़ाई में जुट जाते हैं। शिक्षा का उद्देश्य सामंजस्य बताया गया है। हमलोग सामंजस्यपूर्ण ढंग से रहते हैं। हमलोग पहले विस्तारपूर्वक पढ़ते हैं। तब गहराई से दस-दस प्रश्नों के उत्तर तैयार कर याद करते हैं। दस बजे भोजन कर सो जाते हैं। दूसरे दिन पुनः उठकर अपने काम में जुट जाते हैं।

इस प्रकार छात्रावास का जीवन हमारा शांतिपूर्ण ढंग से बीत रहा है। उम्मीद है कि अगली परीक्षा में मैं नब्बे प्रतिशत अंक पा जाऊँगा।

आपका आज्ञाकरी पुत्र
रोहित कुमार
पटना

6. अपने मित्र को पत्र लिखकर अपनी परीक्षा की तैयारी के बारे में बताएँ |

पटना हाई स्कूल पटना
03.01.2026

प्रिय मित्र शेखर,

मेरी परीक्षा सन्निकट है। मैं पूरे मनोयोग से अपनी परीक्षा की तैयारी में जुटा हूँ।

मैं परीक्षा की तैयारी कैसे कर रहा हूँ-इसके बारे में लिख रहा हूँ। मैं पुस्तक खूब खरीदता हूँ। कॉपी लिख-लिखकर भर डालता हूँ। पहले तथ्यों को सही-सही प्राप्त करता हूँ। पुनः प्रश्नोत्तर तैयार करता हूँ। उसे दुहराता हूँ। उसका निरीक्षण करता रहता हूँ कि पाठ याद हुए या नहीं। पुनः सभी को कड़ी के रूप में जोड़ता हूँ। पुनः पिछले किसी वर्ष का प्रश्न पत्र उसका उत्तर लिखता हूँ। उसे किसी शिक्षक या मित्र से जँचवा लेता हूँ। मैं हमेशा अपने कमजोर विषय की खोज में लगा रहता हूँ | पुनः उसे तैयार कर आगे बढ़ जाता हूँ |

इस प्रकार से ही परीक्षा की तैयारी चलती रहती हैं |

तुम्हारा छात्र
गणेश
पटना

7. अपने पिता के पास एक पत्र लिखें, जिसमें रूपये भेजने को प्रार्थना की गयी हो |

M. R. D. +2 सीतामढ़ी
02 फरवरी, 2026

पूजनीय पिताजी,
सादर प्रणाम!

मैं यहाँ सकुशल छात्रावास में रह रहा हूँ। आशा है, आपलोग भी सकुशल होंगे। मुझे पुस्तक खरीदने के लिए रुपये की आवश्यकता है। छात्रावास का शुल्क और भोजन इत्यादि का खर्च भी चाहिए। अतः कृष्या 5,000 रुपये शीघ्रातिशीघ्र ए० टी० एम० से भेजने की कृपा करें। मैं वचन देता हूँ कि एक पैसा भी अब से फिजूलखर्ची में खर्च नहीं करूँगा। माताजी को प्रणाम! छोटे भाई-बहनों को आशीर्वाद।

आपका सुपुत्र
नरेन्द्र

8. सड़क की जर्जर स्थिति के बारे में अपने वार्ड आयुक्त अथवा मुखिया को एक पत्र लिखें |

सेवा में,
मुखिया जी
ग्राम पंचायत साहोविघा, बिहार
विषय - सड़क की स्थिति में सुधार हेतु
महाशय,

सविनय सूचित कर रहा हूँ कि वार्ड० संख्या 12 की सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह यह टूट कर गड्ढ़े में तब्दील हो चुकी है। आए दिन इसके कारण दुर्घटनाएँ हो रही हैं।

अतः श्रीमान् से नम्र निवेदन है कि सड़कों की मरम्मती अथवा पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए ताकि इस समस्या का समुचित निदान हो सके।

दिनांक
5 – 01 – 2026

भवदीय
मनोज
वार्ड - 12 की आम जनता
ग्राम पंचायत साहोविघा, बिहार

9. वार्षिक परीक्षा की तैयारी का उल्लेख करते हुए अपनी माताजी को एक पत्र लिखें |

पाटलिपुत्र इण्टर कॉलेज,
पटना-800003
16.01.2026

आदरणीय माताजी,

चरणों में प्रणाम। आपका कृपा पत्र मिला। गाँव के समाचारों से अवगत हुआ। मन प्रसन्न हुआ। आपने अपने पत्र में वार्षिक परीक्षा की तैयारी के बारे में पूछा है। मैं उसी का उत्तर दे रहा हूँ।

मैं वार्षिक परीक्षा की तैयारी परिश्रम पूर्वक कर रहा हूँ। मेरी पढ़ाई के घंटे दस से ऊपर है। मैं प्रतिदिन पढ़ता हूँ। प्रतिदिन लिखता हूँ। किसी भी वर्ष का प्रश्न उठाकर उसका उत्तर तीन घंटे में लिखता हूँ। इसकी जाँच अपने एक मित्र से ही करवा लेता हूँ। इस जाँच में मेरे अंक क्रमशः, उत्तरोत्तर बढ़ते ही जाते हैं। मैं कमजोर विषय पर अधिक ध्यान देता हूँ। पुस्तकों की कमी मेरे पास नहीं है। पुस्तकें सोचने की मशीन हैं। कुछ पुस्तकों को पढ़ता हूँ और कुछ को चबा जाता हूँ, कुछ को पचा जाता हूँ। मैं पुस्तकों को पुंख-पुंख पढ़ जाता हूँ। कभी ऊबता नहीं। रात्रि में कम खाना खाकर देर तक पढ़ता हूँ। आप माता जी, मेरी पढ़ाई की चिन्ता न करें। जब मैं अंक लेकर आऊँगा तो आपको अंकपत्र दिखलाऊँगा। पिताजी को प्रणाम। छोटे भाई-बहनों को प्यार।

आपका आज्ञाकरी
पुत्र गणेश पटना

10. अपने भाई के वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए अपने मित्र को एक पत्र लिखें |

पटना कॉलेजिएट स्कूल,
पटना
08.01.2026

प्रिय मित्र नरेश,

तुम्हारा पत्र मिला। तुम्हारी पढ़ाई-लिखाई दस घंटे प्रतिदिन की दर से उत्तमोत्तम ढंग से चल रही है-यह जानकर अपार खुशी हुई। मेरे भाई की शादी 20 जुलाई को होनेवाली है। वह आई०ए०एस० की परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया है। इस शादी में सम्मिलित होने के लिए मैं तुम्हें आमंत्रित कर रहा हूँ। हम दोनों बारात के साथ चलेंगे। शेष कुशल। चाचा-चाची जी को भी मेरा विनम्र प्रणाम कहना न भूलना।

तुम्हारा अभिन्न मित्र
अमित कुमार
मीठापुर, पटना-
800001

संक्षेपण – 4 अंक

❖ संक्षेपण करने का तरीका –

$$\text{संक्षेपण} = \frac{\text{कुल शब्द}}{3} = \text{भागफल} + \text{शेषफल}$$

1. संक्षेपण करें- [2019A, 2022A]

भारत को त्योहारों का देश कहा जाता है। भारतीय त्योहार मुख्य रूप से फसलों के त्योहार है। इसका कारण है, भारत का कृषि-प्रधान देश होना। लगभग सभी त्योहार धर्मों से संबंधित हैं। भारत अनेक धर्मों का देश है। यहाँ हिन्दू, बौद्ध, जैन, सिख, पारसी, ईसाई और इस्लाम धर्म को माननेवाले लोग रहते हैं। सभी धर्मों को मानने वाले को अपने-अपने धर्म पालन करने और त्योहार मनाने की स्वतंत्रता है। इसलिए धार्मिक त्योहार भी विविधता लिए हुए हैं। इनसे एक-दूसरे के धर्मों को जानकर अच्छे मनुष्य बनने का भाव जागृत होता हैं | दशहरा दीपावली श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, रामनवमी, ईद, मोहर्रम, गुरुपर्व, कृषमश, माहवीर जयंती आदि धार्मिक त्यौहार हैं |

उत्तर- शीर्षक - भारत: त्योहारों का देश

भारत को त्योहारों का देश कहा जाता है। फसलों से ये त्योहार जुड़े हुए हैं। इसी कारण भारत कृषि-प्रधान देश है। भारत अनेक धर्मों का देश है। एक-दूसरे के धर्मों को जानकर अच्छे मनुष्य बनने का भाव जागृत होता है।

कुल शब्द- 106
प्रयुज्य शब्द-35
प्रयुक्त शब्द-40

2. संक्षेपण करें- [2011A,2020A,2023A]

अनुशासन की आवश्यकता छात्र-जीवन के लिए सबसे अधिक है। वे विवेक-संगतश्रृंखला में बँधे रहने की आदत डालें। उनकी क्षमता बिखरकर नष्ट न होने पाए, उनकी साधना के बादल चट्टान और बंजर पर न बरसे, उनकी लालसा कलंक से काले पड़े भौरे की लालसा-मात्र न बन जाए-इसके लिए छात्रों को व्यावहारिक जीवन में अनुशासन के नियमों का पालन करना परमावश्यक है। जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन की आवश्यकता पड़ती है। केवल विद्यालय में नहीं, वरन् परिवार एवं समाज में भी अनुशासन के नियमों का पालन करना चाहिए। उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि पूरी सृष्टि और पूरा ब्राह्मांड भी अनुशासन में बढ़ा हैं | जीवन में अनुशासन ना हो तो हम आसानी से आराजकता का शिकार हो जायेंगें |

उत्तर- शीर्षक- जीवन में अनुशासन की आवश्यकता छात्र-जीवन के लिए सबसे अधिक है। अन्यथा वे बिखर जाएँगे। जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन की आवश्यकता पड़ती है। पूरी सृष्टि और पूरा ब्रह्माण्ड अनुशासन में बँधा है। जीवन में अनुशासन न हो तो हम आसानी से अराजकता का शिकार हो जाएँगे।

कुल शब्द-119
प्रयुज्य शब्द-39
प्रयुक्ता शब्द-41

3. संक्षेपण करें- [2021A, 2023A]

विगत एक दो दशकों से युवा वर्ग में अपव्यय की प्रवृत्ति बढ़ रही है। भोगवाद की ओर युवक अधिक प्रवृत्त हो रहे हैं। वे सुख-सुविधा की प्रत्येक वस्तु पा लेना चाहते हैं और अपनी आय और व्यय में तालमेल बिठाने की उन्हें चिन्ता नहीं है। धन-संग्रह न सही, कठिन समय के लिए कुछ

बचाकर रखना भी वे नहीं चाहते। उन्हें लुभावने विज्ञापनों के माध्यम से लुभाकर उत्पादक व्यवसायी भरमाते हैं। परिणामस्वरूप आज का युवक मात्र उपभोक्ता बनकर रह गया है। अनेक कंपनियाँ और बैंक क्रेडिट कार्ड देकर उनकी खरीद-शक्ति को बढ़ाने का दावा करती है, बाद में निर्ममता से रकम वसूलते हैं।

उत्तर- शीर्षक- अपव्यय की प्रवृत्ति

विगत एक-दो दशकों से युवा-वर्ग में अपव्यय की प्रवृत्ति बढ़ रही है। भोगवाद की ओर युवक अधिक प्रवृत्त हो रहे हैं। वे सुख-सुविधा की प्रत्येक वस्तु पा लेना चाहते हैं। युवक मात्र उपभोक्ता बनकर रह गया है।

कुल शब्द-101
प्रयुज्य शब्द-34
प्रयुक्त शब्द-37

4. संक्षेपण कीजिए- [2020A,2023A]

हमारे देश में जो हाल हाल तक गुलाम बना रहा, नागरिक स्वतंत्रता का मूल्य समझना जरा कठिन है। अभी हमारे देश की जनता का ध्यान रोटी, कपड़ा, मकान और रोजगार की ओर गया है। प्रायः लोग यह कहते सुनाई देते हैं कि हमें इससे मतलब नहीं कि इस देश में किसका शासन है, जनतंत्र है या तानाशाही हमें तो रोटी चाहिए, रोजगार चाहिए दवा चाहिए। इन आवश्यकताओं को कोई भी पूरा कर दे। जनता की यह मानसिक स्थिति ठीक नहीं। यदि जतना की सूझ-बूझ ऐसी ही रही, तो फिर स्वतंत्रता, जो असीम बलिदान देकर प्राप्त की गई है, मिट जाएगी।

उत्तर- शीर्षक- नागरिक स्वतंत्रता का मूल्य

अभी हम गुलाम थे। नागरिक स्वतंत्रता का मूल्य आजाद होने के बाद भी हम नहीं समझे। जनता की यह मानसिक अवस्था ठीक नहीं। यदि जनता की सूझ-बूझ ऐसी ही रही, तो स्वतंत्रता मिट जाएगी।

कुल शब्द- 100
प्रयुज्य शब्द-34
प्रयुक्त शब्द- 34

5. संक्षेपण कीजिए- [2021, 2022]

पृथ्वी माता है, मैं उसका पुत्र हूँ। यही स्वराज्य की भावना है। जब प्रत्येक व्यक्ति, जिस पृथ्वी पर उसका जन्म हुआ है, उसे अपनी मातृभूमि समझने लगता है, तो उसका मन मातृभूमि से जुड़ जाता है। मातृभूमि उसके लिए देवता के समान है। जीवन में चाहे जैसा अनुभव हो, वह मातृभूमि से द्रोह की बात नहीं सोचता, मातृभूमि के प्रति जब यह भाव दृढ़ हो जाता है, तब वहीं से सच्ची राष्ट्रीय एकता का जन्म होता है। उस स्थिति में मातृभूमि पर बसने वाले नागरिकगण एक-दूसरे से सौदा करने या शर्त तय करने की बात नहीं सोचते, बल्कि मातृभूमि के प्रति अपने कर्त्तव्य की बात सोचते हैं।

उत्तर- शीर्षक-मातृभूमि/राष्ट्रीय एकता

जब प्रत्येक व्यक्ति का मन मातृभूमि से जुड़ जाता है तब वह मातृभूमि से द्रोह की बात नहीं सोचता। वहीं से सच्ची राष्ट्रीय एकता का जन्म होता है। वे मातृभूमि के प्रति अपने कर्त्तव्य की बात सोचते हैं।

कुल शब्द- 106
प्रयुज्य शब्द- 35
प्रयुक्त शब्द- 38

6. आज की भागदौड़ के इस युग में न केवल व्यापारी, वकील, अभिनेता, शिक्षक, चिकित्सक, इंजीनियर और प्रबंधक ही तनाव के शिकार हैं, बल्कि अपने कैरियर और परीक्षा से चिंतित छात्र-छात्राएँ भी कम तनावग्रस्त नहीं हैं। इसका बुरा प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। कुछ लोग अर्थिक तंगी के कारण तनावग्रस्त हैं, तो कुछ सभी प्रकार की सुविधाओं से सम्पन्न होंते हुए भी उन्हें बनाए रखने और निरन्तर बढ़ाने की भाग-दौड़

उत्तर- शीर्षक- तनावग्रस्तता

आधुनिक भागदौड़ मेरे इस युग में सभी तनाव के शिकार हैं। कोई अपने कैरियर का परीक्षा, आमदनी का स्रोत, कोई आर्थिक तंगी, सुविधाओं को बनाए रखना आदि किसी-न-किसी कारण से तनावग्रस्त हैं। यह तनाव विभिन्न रोगों का कारण है। इसके कारण लोग-भोजन, परिजन, मनोरंजन सबकी उपेक्षा करता है।

कुल शब्द- 128
प्रयुज्य शब्द- 43
प्रयुक्त शब्द- 50

Note – अपनी तैयारी को बहतरीन करने के लिए दिए गए Video पर Click कर के जरुर देखें

👉किसी भी सहायता के लिए आप कॉल /व्हाट्सएप कर सकते है।

Helpline No.
7700879453
6201320598
9234080284

Motivation Channel Link :- 👇👇
https://youtube.com/@sanjaysir_ka_ladla

Full Course App Link :- https://play.google.com/store/apps/details?id=co.dishaonlineclasses

👉10वीं के लिए :-

Youtube: https://www.youtube.com/@DishaOnlineClasses

Telegram: https://telegram.me/dishaonlineclasses

Disha Online Test App:- https://play.google.com/store/apps/details?id=com.disha.testborad

NOTE – हम आपके लिए दिन-रात मेहनत कर रहें हैं, परन्तु सफ़लता आपके मेहनत पर निर्भर करती हैं |

WhatsApp Channel - https://whatsapp.com/channel/0029Va5QfNLJ3jnxlfK31A1Q

11th & 12th Science के लिए YouTube Channel 👇👇👇
https://youtube.com/@DishaScienceClasses?si=9nhYwSP1atdrZypp

11th & 12th Hindi और English के लिए YouTube Channel 👇👇👇
https://youtube.com/@dishahindienglish?si=nxq9gu5D7NvNvPQd

11th & 12th Arts के लिए YouTube Channel 👇👇👇
https://youtube.com/@DishaArtsClasses?si=xYfGdGgMkDC3q0wd

11th & 12th Commerce के लिए YouTube Channel 👇👇👇
https://youtube.com/@dishacommerceclasses?si=aqILGXaeOqLNfHrt